# प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
## प्रयागराज

**संख्या :** प्रोरासिविवि / कुसका / 2021–348

**दिनांक**–27 सितम्बर, 2021

सेवामें,

**1–समस्त अधिष्ठाता / विभागाध्यक्षगण।**
**प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज**
**2– प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक / सचिव।**

**विषयः** उत्तर प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा विभाग की समस्त उच्च शिक्षण संस्थाओं हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर 2021–22 के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत एवं कार्यालय, निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा पृष्ठांकित पत्र संख्या–1275 / सत्तर– 1–2021– 16(11) / 2014 टी0सी0–।। दिनांक 09.09.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से शासन द्वारा उत्तर प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा विभाग की समस्त उच्च शिक्षण संस्थाओं हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर 2021–22 निर्धारित कर निर्गत किया गया है। उक्त शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार ही विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में शैक्षिक गतिविधियां संचालित की जानी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि शासन द्वारा निर्गत शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार अपने विभागों / शैक्षिक संस्थानों में शैक्षिक गतिविधियां संचालित कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

भवदीय,

(हस्ताक्षर)
**(एस0के0 शुक्ल)** 17.9.21
**कुल सचिव।**

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।**

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग (अनुभाग–1), उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3. निजी सचिव कुलपति, प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज को कुलपति जी को अवलोकित कराने हेतु प्रेषित।
4. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

(हस्ताक्षर)
**(एस0के0 शुक्ल)** 17.9.21
**कुल सचिव।**

Scanned by CamScanner

प्रेषक,

संख्या–1275/सत्तर–1–2021–16(11)/2014 टी0सी0–।।

मोनिका एस0 गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– निदेशक,
उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश,
प्रयागराज।

2– कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3– कुलपति,
समस्त निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1

लखनऊः दिनांकः 09 सितम्बर, 2021

विषयः– उत्तर प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा विभाग की समस्त उच्च शिक्षण संस्थाओं हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर 2021–22 के संबंध में।

महोदय,

प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा विभाग के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2021–22 के सम्बन्ध में सेमेस्टर प्रणाली/वार्षिक प्रणाली हेतु समय–सारणी निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अर्न्तगत शैक्षिक सत्र 2021–22 में सी.बी.सी.एस. प्रणाली के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित छात्रों के लिये–

| क्र0सं0 | शैक्षणिक सत्र 2021–22 का प्रस्तावित परीक्षा/शिक्षण कार्यक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| | प्रथम सेमेस्टर | |
| 1. | प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि | 13.09.2021 तक |
| 2. | प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेषित छात्रों के लिये शिक्षण कार्य प्रारम्भ | 13.09.2021 |
| 3. | मिड–टर्म परीक्षा | 01 नवम्बर से 10 दिसम्बर, 2021 |
| 4. | प्रथम सेमेस्टर का शिक्षण कार्य पूर्ण होने की तिथि | 22.01.2022 |
| 5. | प्रथम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षायें पूर्ण होने की तिथि | 10.01.2022 |
| 6. | प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा | 24.1.2022 से 28.2.2022 |
| 7. | प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित होने की अंतिम तिथि | 15.03.2022 |
| | द्वितीय सेमेस्टर | |
| 8. | द्वितीय सेमेस्टर का शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने की तिथि | 01.03.2022 |
| 9. | मिड–टर्म परीक्षा | मई, 2022 |
| 10. | द्वितीय सेमेस्टर का शिक्षण कार्य पूर्ण होने की तिथि | 30.06.2022 |

G.O. 09

urgent
Sr Memo
By circular with the approval
VHC
13/9

Scanned by CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 11. | द्वितीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षायें पूर्ण होने की तिथि | 15.06.2022 |
| 12. | द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षायें | 01.7.2022 से 03.8.2022 |
| 13. | द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित होने की अंतिम तिथि | 20.08.2022 |

❖ सतत आंतरिक मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालयों द्वारा व्यवस्था बनायी जायेगी।

2. पूर्व में अध्ययनरत वार्षिक प्रणाली के अर्न्तगत आच्छादित छात्रों के लिये

| क्र0सं0 | शैक्षणिक कार्यक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि | 13.09.2021 तक |
| 2. | शिक्षण कार्य प्रारम्भ | 13.09.2021 |
| 3. | वार्षिक पाठ्यक्रमों की **प्रथम टर्म परीक्षा** | 01 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2021 |
| 4. | वार्षिक पाठ्यक्रमों की **द्वितीय टर्म परीक्षा** | फरवरी, 2022 |
| 5. | शिक्षण कार्य पूर्ण होने की तिथि | 31.05.2022 |
| 6. | प्रयोगात्मक परीक्षायें पूर्ण होने की तिथि | 13.05.2022 |
| 7. | वार्षिक परीक्षा | 1.6.2022 से 15.7.2022 |
| 8. | परीक्षा परिणाम घोषित हाने की अंतिम तिथि | 20.08.2022 |

3. पूर्व में अध्ययनरत सेमेस्टर प्रणाली के अर्न्तगत आच्छादित छात्रों के लिये

| क्र0सं0 | शैक्षणिक कार्यक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| | **विषम सेमस्टर– (Odd semester)** | |
| 1. | प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि | 13.09.2021 तक |
| 2. | शिक्षण कार्य प्रारम्भ | 13.09.2021 |
| 3. | अर्द्ध वार्षिक (Mid term) परीक्षायें पूर्ण कराने की तिथि | 01 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2021 |
| 4. | सेमेस्टर का शिक्षण कार्य पूर्ण होने की तिथि | 22.01.2022 |
| 5. | सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षायें पूर्ण होने की तिथि | 10.01.2022 |
| 6. | सेमेस्टर की परीक्षा | 24.1.2022 से 28.2.2022 |
| 7. | सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हाने की अंतिम तिथि | 15.03.2022 |
| | **सम सेमेस्टर (Even semester)** | |
| 8. | शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने की तिथि | 01.03.2022 |
| 9. | अर्द्ध वार्षिक (Mid term) परीक्षायें | मई, .2022 |
| 10. | सेमेस्टर का शिक्षण कार्य पूर्ण होने की तिथि | 30.6.2022 |
| 11. | सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षायें पूर्ण होने की तिथि | 15.06.2022 |
| 12. | सेमेस्टर प्रणाली की परीक्षायें | 01.7.2022 से 03.8.2022 |
| 13. | सेमेस्टर का परिणाम घोषित होने की अंतिम तिथि | 20.08.2022 |

नोटः–

1. कोरोना महामारी या अन्य कारण से यदि 90/180 दिन में से शिक्षण दिवस कम हो रहे हैं, तो उतने शिक्षण दिवसों की पूर्ति अतिरिक्त कक्षाऐं/ऑनलाईन कक्षायें लगाकर की जायेगी ताकि सत्र नियमित किया जा सके।

Scanned by CamScanner

2. छात्रों को उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा डिजिटल लाइब्रेरी एवं अन्य ऑनलाईन माध्यमों से अध्ययन करने के लिये प्रेरित किया जाये ताकि कम समय में अधिक शिक्षण कार्य संम्भव हो सके ।
3. सभी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय सेमेस्टर/वार्षिक संचालित पाठ्यक्रमों की अर्द्ध वार्षिक परीक्षायें (Mid-term Exam) अनिवार्य रुप से संचालित करायेंगे, ताकि विषम अपरिहार्य परिस्थितियों में छात्रों की प्रोन्नति समय से सम्भव हो सके, साथ ही छात्रों की पढ़ाई की हानि न हो।
4. कोरोना महामारी के कारण गत वर्ष कुल समय विश्वविद्यालय/महाविद्यालय बंद रहे हैं जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित हुआ है तथा सत्र अनियमित हो गया है । सत्र को नियमित करने के लिये छात्र हित में, सत्र सामान्य होने तक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में होने वाले शीतावकाश को छात्र हित में निरस्त किया जा सकता है तथा आवश्यकता अनुरुप 15–15 दिन का ग्रीष्मावकाश देते हुए दो बार में आधे–आधे शिक्षकों को शिक्षण संस्थान में बुलाया जा सकता है।
5. सत्र नियमित होने तक (31 मार्च, 2023 तक) शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को बहुत आवश्यक होने पर ही दीर्घावकाश (मातृत्व अवकाश छोडकर) स्वीकृत किये जायें ।
6. शोक सभायें विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थानों में केवल कार्यरत शिक्षक /कर्मचारी के निधन पर अपराह्न 3.00 बजे होगी, अपराह्न 3.00 बजे तक कक्षायें यथावत चलेंगी।

2– आगामी शैक्षिक सत्र 2022–23 दिनांक 22.08.2022 से आरम्भ होगा जिसके लिए शैक्षिक कैलेण्डर पृथक से निर्गत किया जायेगा।

भवदीया,

( मोनिका एस0 गर्ग )
अपर मुख्य सचिव।

संख्या–1225(1)/सत्तर–1–2021 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. परीक्षा नियंत्रक, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समस्त सम्बन्धित को परिचालित करें तथा शासन को सूचित करें।
5. निजी सचिव, उप मुख्यमंत्री/राज्य मंत्री/अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6. उच्च शिक्षा विभाग के समस्त अनुभाग।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

कार्यालय, निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या–डिग्री विकास/ 134695–97 /2021–22 दिनांक 10 /09/2021

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त आदेश का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

1–कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2–समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3–समस्त प्राचार्य/प्राचार्या राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय उ0 प्र0।

डॉ0 (हिरेन्द्र प्रताप सिंह)
संयुक्त निदेशक (उ0शि0),
कृते–शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

Scanned by CamScanner